Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

# Pae ora | सभी न्यूज़ीलैंडवासियों के लिए स्वस्थ भविष्य

## स्वास्थ्य के लिए सरकारी नीति वक्तव्य: 2022-2024

E ngā mātāwaka huri noa, tēnā koutou katoa

हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र की नींव मजबूत है: एक अत्यधिक कुशल और समर्पित वर्कफोर्स (कार्यबल), जुड़े हुए और भावुक समुदाय, तथा जरूरत पड़ने पर साथ मिलकर काम को पूरा करने की क्षमता। लेकिन हम जानते हैं कि इसमें कुछ सुधार करने के अवसर हैं और हमें भविष्य के लिए एक ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली बनाने की जरूरत है जो हम सभी के लिए बेहतर काम करेगी।

बहुत लंबे समय तक, अलग-अलग स्वास्थ्य परिणामों में, एक ही समूह को लगातार कम सेवा दी जाती रही है और उन्हें पीछे छोड़ दिया जाता है: माओरी, पैसीफिक लोग, विकलांग लोग, और वे जो अपनी स्वास्थ्य की किसी हालत, संस्कृति, जातीयता, लिंग, सैक्सुअल ओरीएन्टेशन (यौन प्रकृति) जहां वे रहते हैं, उनकी आय और अन्य कारकों के आधार पर असमानता का अनुभव करते हैं।

एक नई स्वास्थ्य प्रणाली इन लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करने और एक ऐसी प्रणाली बनाने का अवसर प्रदान करती है जो Te Tiriti (संधि)-संगत, न्यायसंगत, एकजुट और whānau-centred (परिवार-केंद्रित) हो। ऐसा करने से, यह प्रणाली टिकाऊ, लचीली और किफायती होगी, यह सुनिश्चित करेगी कि यह भावी पीढ़ियों के लिए है और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है।

हमारा दृष्टिकोण अथवा स्वप्न सरल है: कि सभी न्यूज़ीलैंडवासी pae ora (स्वस्थ भविष्य) प्राप्त करें। इसका मतलब यह है कि लोग और फानाऊ (परिवार) लंबे समय तक स्वस्थ रहते हैं, उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है, वे स्वस्थ, समावेशी और लचीले समुदायों का हिस्सा हैं, और ऐसे वातावरण में रहते हैं जो उनकी भलाई को कायम रखते हैं।

सरकारी नीति वक्तव्य स्वास्थ्य और कल्याण की रक्षा, प्रचार और सुधार करने, समानता हासिल करने और स्वस्थ भविष्य प्रदान करने के लिए सेवाओं, पहल और साझेदारी को स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली की सरकार की अपेक्षाओं को रेखांकित करता है।

हम रातोंरात बदलाव हासिल नहीं करेंगे: इसके लिए समय, निवेश और सभी संस्थाओं तथा हमारे स्वास्थ्य क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाने की आवश्यकता होगी। यह अंतरिम सरकारी नीति वक्तव्य सुधारी हुई प्रणाली के पहले दो वर्षों के लिए सरकार की प्राथमिकताओं और अपेक्षाओं को निर्धारित करके यात्रा की शुरुआत करता है।

Nō reira, tēnā koutou katoa (आप सब को नमस्कार)

Andrew Little

**Andrew Little, Minister of Health (एंड्रयू स्वास्थ्य मंत्री)**

**अंतरिम सरकारी नीति वक्तव्य नई स्वास्थ्य प्रणाली को निर्देशित करता है** और आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड में सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित स्वास्थ्य प्रणाली के लिए प्राथमिकताओं, उद्देश्यों और अपेक्षाओं को निर्धारित करता है।

यह बताता है कि सरकार स्वास्थ्य प्रणाली के अंतर्गत क्या वितरित और हासिल करने की उम्मीद करती है, साथ ही सफलता को कैसे मापा जाएगा, निगरानी की जाएगी और रिपोर्ट की जाएगी।

अंतरिम सरकारी नीति वक्तव्य दो वर्षों पर केंद्रित है - जुलाई 2022 से जून 2024 तक - और दीर्घकालिक दिशा और अपेक्षित परिणामों के लिए नींव रखता है जिन्हें वितरित करने में अधिक समय लगेगा।

यह न्यूज़ीलैंड स्वास्थ्य योजना के लिए अपेक्षाओं को भी निर्धारित करता है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाएं सभी न्यूज़ीलैंडवासियों को सरकार की प्राथमिकताएं और स्वास्थ्य सेवाएं कैसे प्रदान करेंगी।

**संपूर्ण अंतरिम सरकारी नीति वक्तव्य दस्तावेज़ स्वास्थ्य मंत्रालय की वेबसाइट पर पाया जा सकता है।**

# प्रमुख प्राथमिकताएं

**स्वास्थ्य प्रणाली और सेवाओं को कैसे वितरित किया जाता है, इसका मार्गदर्शन करने के लिए सरकारी नीति वक्तव्य में छह प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं।**

## स्वास्थ्य परिणामों में समानता हासिल करना

समान स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करने के लिए विविध आवश्यकताओं और सुविधाओं के स्तर वाले लोग विभिन्न दृष्टिकोणों और संसाधनों तक पहुंच पाते हैं। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- स्वास्थ्य और कल्याण में समानता की दिशा में काम करना
- कम सेवा प्राप्त समुदायों के अधिकारों और दायित्वों को मान्यता देना

## लोगों को उनके समुदायों में अच्छी तरह से या स्वस्थ रखना

समुदाय-आधारित निवारण, सहायता और उपचार सेवाओं को प्राथमिकता दी जाती है, परिवार-केंद्रित, सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित और लोगों के जीवन के साथ मेल खाती हैं - जहां वे रहते, काम करते और खेलते हैं उसके नज़दीक। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- संवेदनशील, डिजिटल सेवाओं और अस्पताल नेटवर्क सहित सभी स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर सेवा वितरण, और स्वास्थ्य सेवा में अनुचित विविधताओं की पहचान करना और उसे संबोधित करना
- स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा नहीं आती है, और लोग देखभाल तक पहुंचने में सुरक्षित महसूस करते हैं

## आर्थिक रूप से स्थायी स्वास्थ्य प्रणाली सुनिश्चित करना

संसाधनों को इस तरह से प्रबंधित और आवंटित किया जाता है कि वे उपलब्ध संसाधनों और फंडिंग की सीमा में, वर्तमान और भविष्य में जनसंख्या स्वास्थ्य और इक्विटी (निष्पक्षता) के सर्वोत्तम संभव स्तरों को प्राप्त करते हैं। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- इस तरह से वितरित किया गया परिवर्तन जो देखभाल की निरंतरता के जोखिम को कम करता है
- मौजूदा प्राथमिकताओं और कार्यक्रमों को कायम रखा जाता है

## स्वास्थ्य प्रणाली में Te Tiriti o Waitangi (वायटांगी की संधि) को एम्बेड (निहित रूप से स्थापित) करना

माओरी लोग अपने स्वास्थ्य और कल्याण पर अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम हैं और उन तरीकों से समान स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त करते हैं जो माओरी लोगों को माओरी के रूप में जीवन जीने, पनपने और फलने-फूलने में सक्षम बनाते हैं। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- मजबूत माओरी नेतृत्व और निर्णय लेने की प्रक्रिया
- माओरी सिद्धान्तों और whānau (परिवार)-केंद्रित सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि

## भविष्य के स्वास्थ्य कार्यबल का विकास करना

एक लचीले, विविध और टिकाऊ कार्यबल को बढ़ाएं और विकसित करें जो लोगों और whānau (परिवार) की जरूरतों को संबोधित कर सके और उन समुदायों का प्रतिनिधि हो जिसकी वे सेवा करते हैं। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- te ao Māori ( माओरी विचारधारा) द्वारा संचालित तथा तैयार की गई सांस्कृतिक रूप से सुरक्षित सेवाएं
- स्वास्थ्य कार्यबल (कर्मचारियों) पर न्यूनतम प्रभाव पड़ता है, और कर्मचारियों का समर्थन किया जाता है

## भावी स्वास्थ्य प्रणाली की सफलता की नींव रखना

Te Tiriti (संधि), पर स्थापित एक नई संस्कृति और लोकाचार का निर्माण लोगों और परिवारों की भलाई के लिए रोकथाम, सुरक्षा और प्रचार पर ध्यान केंद्रित करने के लिए किया जाएगा। सुधार की गई प्रणाली में यह कुछ इस तरह दिखाई दे सकता है:

- सामूहिक रूप से और समुदायों तथा अन्य संगठनों के साथ साझेदारी में काम करना
- उपभोक्ता, परिवार और समुदाय की आवाजें प्रणाली में प्रतिबिंबित होती हैं- पहुंच में समानता, देखभाल और परिणामों की गुणवत्ता की दिशा में होने वाली प्रगति में सुधार